तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार,30 अप्रैल 2024

12 पंजाबी गिद्दे पर छात्राओं ने मचाया धमाल



12 परशुराम जन्मोत्सव समारोह को लेकर ...



## खबर संक्षेप

### चुनाव में न हो शराब की बिक्रीः एसडीएम

**अंबाला।** एसडीएम अंबाला शहर एवं सहायक रिर्टनिंग अधिकारी दर्शन कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय में स्टेटिकल सर्विलांस टीम, नाका इंचार्ज व एफएसटी टीम के इंचार्जों को स्पष्ट निर्देश दिए कि चुनाव के दौरान शराब की अवैध बिक्री नहीं होनी चाहिए। चुनाव आयोग की जो हिदायतें हैं उनकी शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित होनी चाहिए। एसडीएम ने सभी टीमों को फिल्ड में रहकर हर गतिविधि पर नजर रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए।

### पुलिस ने चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने विद्यानंद कॉलोनी में घर से मोबाइल फोन व नगदी चोरी की वारदात में शामिल रहे दूसरे आरोपी साइम निवासी विद्यानंद कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। चोरी की वारदात बारे थाना चांदनी बाग में अकरम निवासी विद्यानंद कॉलोनी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### पेट्रोल पंप पर लूट का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने थाना इसराना क्षेत्र के अंतर्गत गवालड़ा गांव में पेट्रोल पंप पर हथियार के बल पर लूट करने वाले गिरोह के चौथे आरोपी सुरेश उर्फ नींबू निवासी गांव करहंस जिला पानीपत को गिरफ्तार किया। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि थाना इसराना में रविंद्र पुत्र रणधीर निवासी गवालड़ा की शिकायत पर लूट के आरोप में केस दर्ज है।

### हादसे में एक युवक की मौत, दो गंभीर

**पानीपत।** पानीपत के गांव बलाना में एक तेज रफ्तार बाइक ने सामने से आ रही दूसरी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में दूसरी बाइक पर सवार कर्मवीर, राहुल, विजय निवासी गांव काबडी जिला पानीपत नीचे गिर गए। जिनमें से कर्मवीर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राहुल व विजय गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को राहगीरों ने पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

# मेडिकल स्टोर संचालक की गिरफ्तारी के विरोध में दवा दुकानदारों का प्रदर्शन

## केमिस्ट का केस रद नहीं किए जाने पर सभी दवा दुकाने बंद करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर निष्पक्ष जांच की मांग की

शहर के ईस्ट भाटियानगर में मलिक क्लीनिक पर प्रतिबंधित दवाइयां सप्लाई करने के आरोप में प्यारा चौक स्थित जय मां वैष्णो देवी मेडिकल स्टोर संचालक पुलकित की गिरफ्तारी का यमुनानगर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने विरोध किया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का आरोप है कि पुलिस कर्मचारी बिना ड्रग कंट्रोलर ऑफिसर के स्टोर संचालक पुलकित को गिरफ्तार करके ले गए। जबकि बीते वर्षों में ऐसा नहीं हुआ है। आरोप है कि पुलिस ने बिना जांच व नोटिस के केमिस्ट पुलकित को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।



यमुनानगर जिला सचिवालय में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने जाते केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### नाजायज तरीके से गिरफ्तार करने का अरोप

सोमवार सुबह यमुनानगर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सदस्य सचिवालय के सामने इकट्ठे हुए। जिसके बाद सभी नारेबाजी करते हुए सचिवालय पहुंचे। जहां उन्होंने जय मां वैष्णो देवी मेडिकल स्टोर संचालक पुलकित की गिरफ्तारी का विरोध किया। एसोसिएशन के प्रधान मंजीत सिंह व महासचिव राज कुमार बंसल ने बताया कि मेडिकल स्टोर संचालक पुलकित को नाजायज तरीके से पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसकी दुकान को बंद कर चाबी अपने पास रख ली। पुलिस ने गिरफ्तारी के अगले दिन दुकान का निरीक्षण किया। उसमें जो भी दवाइयां मिली। वह सभी बिल पर थी। ड्रग विभाग के माध्यम से कार्रवाई होनी चाहिए। इस तरह की पुलिस की कार्रवाई गलत है। जिस फर्जी डाक्टर के बयान पर पुलकित को गिरफ्तार किया गया। ऐसा कुछ नहीं है। किसी तरह का कोई सुबूत नहीं है। पुलिस की इस कार्रवाई से जिले के सभी केमिस्टों में रोष है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि केमिस्ट का केस रद्द नहीं किया गया तो सभी केमिस्ट दुकान बंद करने को मजबूर होंगे।

# पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च



यमुनानगर के रादौर में निष्पक्ष मतदान को लेकर पैदल फ्लैग मार्च निकालते सीआरपीएफ के जवान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

■ लोगों को भयमुक्त मतदान के लिए किया प्रेरित

निष्पक्ष व भयमुक्त लोकसभा चुनावों को लेकर सोमवार को पुलिस व सीआरपीएफ की ओर से रादौर में पैदल फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व सीआरपीएफ के अस्टिंट कमांडेट श्योराम सिंह गुर्जर व थाना रादौर प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने किया। मार्च के दौरान सीआरपीएफ के 55 जवानों ने मुख्य सड़कों पर फ्लैग मार्च निकालकर प्रशासन की ओर से लोगों को निष्पक्ष व भयमुक्त लोकसभा चुनावों में मतदान करने का संदेश दिया। थाना रादौर प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि रादौर में जहां पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया। वहीं रादौर क्षेत्र के गांवों में वाहनों से फ्लैग मार्च कर ग्रामीणों को बिना किसी डर भय के मतदान करने का संदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि रादौर विधानसभा क्षेत्र में 11 संवेदनशील व दो अति संवेदनशील मतदान केंद्र हैं। जिनका दौरा कर लोगों को शांतिपूर्वक मतदान करने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि गांव गुंदयाना में दो बूथ अतिसंवेदनशील हैं। जबकि गांव टोपरा कलां, रपौली, बुबका में भी दो-दो, भोगपुर व सिकंदरा में एक-एक व गांव घिलौर में तीन मतदान केंद्र संवेदनशील हैं।

# शंभू स्टेशन पर ट्रैक जाम होने से 63 ट्रेन कैंसिल, रेल यातायात प्रभावित

## सरकार ने रिहाई नहीं की तो वे ट्रैक पर उतर आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ मांगों को लेकर किसानों ने शंभू रेलवे स्टेशन पर डाला डेरा

शंभू रेलवे स्टेशन पर ट्रैक जाम होने से रेल यातायात बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। दिल्ली, यूपी और हरियाणा की तरफ से पंजाब और जम्मू की तरफ जाने वाली ज्यादातर ट्रेन प्रभावित हो रही हैं। इसकी वजह से यात्री बेहद परेशान हैं। किसानों के शंभू रेलवे स्टेशन डेरा डालने से रेलवे को लगातार ट्रेनें कैंसिल करनी पड़ रही हैं। सोमवार से 2 मई तक भिवानी-धुरी, सिरसा-लुधियाना, हिसार-लुधियाना, लुधियाना-चूरू, अमृतसर-हिसार, श्रीगंगानगर-ऋषिकेश, रोहतक-हांसी समेत 63 ट्रेन कैंसिल करने का ऐलान किया गया है। रेलवे ने 62 ट्रेन डायवर्ट किया है। वहीं 6 शॉर्ट टर्मिनेट व 5 शॉर्ट ओरिजिनेट होंगी। दरअसल, पंजाब जाने वाली ट्रेन जो चंडीगढ़ व जाखल से डायवर्ट होकर जा रही हैं, उन्हें सर्च करने पर भी डायवर्ट नहीं दिखाता, बल्कि अंबाला कैंट से सीधा शंभू या सरहिंद या लुधियाना अथवा राजपुरा ही दिखा रहा है।

### 3 किसानों की रिहाई की मांग कर रहे

किसान गिरफ्तार किए गए सहयोगी किसानों की रिहाई के लिए आंदोलनकारी किसान सरकार को पहले भी 4 बार अल्टीमेटम दे चुके हैं। पहले किसानों ने 9 अप्रैल को ट्रेन रोकने का ऐलान किया। 10 अप्रैल को फिर उनकी चंडीगढ़ में हरियाणा और पंजाब सरकार के अधिकारियों के साथ मीटिंग हुई, जिसमें रिहाई का भरोसा मिला। किसानों ने सरकार को 16 अप्रैल तक का समय दिया था, सरकार ने रिहाई नहीं की तो वे ट्रैक पर उतर आए। किसान सरकार से युवा नेता नवदीप सिंह जलबेड़ा समेत 3 किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं।

# पहली पत्नी से तलाक लिए बिना ही पति ने रचा ली दूसरी शादी

## पुलिस ने आरोपी पति व ससुर को बनाया आरोपी, महिला की 2008 में हुई थी यूपी में शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ झूठे दस्तावेजों के आधार पर दूसरी शादी रचाकर पुलिस सुरक्षा लेने का भी आरोप

विवाहिता के साथ ससुरालियों ने जमकर मारपीट की। विवाहिता का आरोप है कि पहले ससुरालियों ने दहेज के लिए प्रताड़ति किया और फिर पति ने कोर्ट में दूसरी महिल से प्रेम विवाह कर लिया। आरोपी पति 3 बच्चों का पिता है।आरोपी ने बिना तलाक लिए दूसरी शादी की। महिला ने घर वालों से खतरा बताकर पुलिस से अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है। अंबाला शहर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला ने बताया कि उसकी साल 2008 में यूपी के गांव गुरवलिया (गौंडा) के अमर बहादुर से शादी हुई थी। शादी के बाद से 3 बच्चे हैं। महिला का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले प्रताड़ति करने लगे थे। ताने देते थे कि तुम्हारे माता-पिता ने हमारी बिरादरी में नाक कटवा दी। वह शादी के बाद से ही ताने सहती रही, ताकि उसका घर बस जाए। महिला का कहना है कि नाजायज मांगों को लेकर उसका पति शराब पीकर मारपीट करता है। ससुराल वाले दहेज के लिए दबाव बनाने लगे। धमकी देते कि अगर तूने पैसे नहीं दिए तो बेटे की दूसरी शादी करा देंगे। उसने आरोपियों को अपने मायके से 3.40 लाख भी लाकर दिए। इसके बावजूद उसके साथ मारपीट की।

### महिला का ये है आरोप

महिला ने बताया कि पिछले साल अगस्त में भी पति ने बुरी तरह मारपीट की। जिसकी शिकायत उसने चौकी नंबर 3 पुलिस को सौंपी थी, लेकिन पुलिस ने समझौता करा दिया था। सितंबर में फिर पति ने शराब पीकर मारपीट की,पुलिस ने फिर कोई सुनवाई नहीं की। विवाहिता के आरोप हैं कि दिवाली के दिन भी पति ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। सास-ससुर ने कहा कि इसका रवैया तो ऐसा ही रहेगा अगर इसके हिसाब से चलोगी तो सही हैं नहीं तो हम अपने बेटे की दूसरी शादी करने ही वाले हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने उसकी जिंदगी को नरक बना दिया है। मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताडित कर रहे हैं। जब उसके परिजनों ने उसके सास-ससुर से बात की तो उन्होंने कहा कि हमारा बेटा जिस लड़की को पसंद करता है, जल्दी ही हम उसकी शादी करा देंगे।30 नवंबर 2023 को पति फिर मारपीट करके घर से चला गया। जाते हुए धमकी दे गया कि वह दूसरी शादी करेगा। पहले ससुराल वालों ने कोई जवाब नहीं दिया। उसे काफी दिन बाद पता चला कि पति ने 15 दिसंबर 2023 को पंचकूला के मां नैना देवी जनकल्याण संस्था में ममता नाम की महिला से दूसरी शादी कर ली। पीड़िता के आरोप हैं कि, पति ने तथ्यों को छुपा हाईकोर्ट से शादी की प्रोटेक्शन भी ले ली। ससुराल वाले धमकी देते कि अब तुम हमारे लड़के का कुछ नहीं बिगाड़ सकते।उसके पति ने बिना तलाक के दूसरी शादी की है। कोर्ट में पति ने बताया कि यह उसकी पहली शादी है। पुलिस ने पति व ससुर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लव मैरिज करने वाले दामाद को पीटा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव हड़ताड़ी के खेतों में बने एक कमरे में सचिन निवासी गांव छतेहरा बहादुपुर जिला सोनीपत को बंधक बना कर रखा और उसके साथ मारपीट की। स्मरणीय है कि दीपक ने मीनू निवासी गांव गढ़ी बाला जिला सोनीपत से कोर्ट मैरिज की थी। इस विवाह से मीनू के परिजन व मामा का परिवार नाराज थे। वहीं परिजनों ने सचिन व मीनू का हिमाचल के एक होटल से अपहरण किया और उन्हें पानीपत के गांव हडताली लाए। इधर, सचिन को बंधक बने होने की सूचना इसराना थाना पुलिस को मिली और पुलिस ने सचिन को मुक्त करवाया। वही, सचिन की शिकातय पर थाना इसराना पुलिस ने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को मुक्त कराया। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत पर नन्हा निवासी गांव सिवाह, इसका दोस्त, सोनू निवासी गांव गढ़ी बाला, राकेश, गौरव आदि पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पानीपत के प्रवीन ने आयरन वर्ल्ड चैंपियनशिप जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

विश्व बॉडी बिल्डिंग चैंपियन महराणा गांव के प्रवीण नांदल ने एक बार फिर अपने शरीर की चोटों से उबरते हुए देश का नाम रोशन किया है। एनपीसी स्वीडन द्वारा आयोजित आयरन वर्ल्ड चैंपियनशिप जीती है। जिसमें कुल 32 देशों को बॉडी बिल्डर ने प्रतियोगता में हिस्सा लिया। वहीं भारत देश से प्रविन नांदल ने टॉप-5 विजेताओं में चौथे नंबर पर रहे। प्रवीन नांदल ने बताया कि वह करीब चार साल बाद किसी प्रतियोगिता में उतरे थे, उनका बेहतर प्रदर्शन रहा। प्रवीन ने बताया कि सन 2020 में आयरन वर्ल्ड क्लासिक में खेलने वाले थे, लेकिन भारत में कोरोना की वजह से लगे लॉकडाउन में वह नहीं जा सके। इसके बाद कोविड हो गया, इससे रिकवरी के बाद चेस्ट फोन हो गया था। वहीं फिर जनवरी 2023 में चोट के कारण ट्राइस एप्स की मसल फट गए थे। इसकी रिकवरी में करीब 1 वर्ष का समय लगा। अब पिछले एक महीने से इस प्रतियोगिता की तैयारी की और मेहनत रंग लाई। वही, प्रवीन नांदल पानीपत की सामाजिक संस्था आदर्श एक विश्वास से जुड़े हुए है और समय-समय पर प्रवीण नांदल सामाजिक कार्य भी करते है



आयरन वर्ल्ड चैंपियनशिप विजेता प्रवीण नादंल।

■ भारत देश से प्रविन नांदल ने टॉप-5 विजेताओं में चौथे नंबर पर रहे

### पूर्व में ये जीत दर्ज की

इधर, प्रवीन नादल ने बताया कि उन्होंने 2006 में ऑल ऑवर स्टेट चैंपियन, इंटर कॉलेज गोल्ड मेडलिस्ट व ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में सिल्वर मेडल 2007, नार्थ इंडिया चैंपियनशिप में गोल्ड 2008, ऑल इंडिया इंडिया चैंपियनशिप ब्रोंज मेडलिस्ट 2008, रशिया चैम्पियन गोल्ड मेडल, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ यूरोप चैम्पियन 2013, इंटर नेशनल दुबई इंडिया आईबीएफ प्लेस, यूएसए वर्ल्ड चैम्पियन जीबीओ 2016, एनबीबीआई मिस्टर यूनिवर्स फिनलैंड 2017, मिस्टर ओलंपिया एनबीयूआई इटली 2018, एनबीबीआई मिस्टर यूनिवर्स थाईलैण्ड 2022 में जीत दर्ज की।

इसी उपलब्ध में संस्था ने प्रवीन के सम्मान समारोह में पांच मई को मॉडल टाउन में प्रवीन नांदल फिटनेस में जल्द ही रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# मारपीट में पिता के हाथ से बच्चा सड़क पर गिरा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के निकटवर्ती गांव काबडी में सात घंटे की उम्र का बच्चा पिता की गोद से सड़क पर गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। वही, बच्चे के पिता के साथ मारपीट के दौरान यह घटना हुई। पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रवीन कुमार निवासी गांव काबडी ने बताया कि दो साल पहले दिल्ली की रहने वाली रहिशा उर्फ सीमा के साथ लव मैरिज हुई थी। शादी के बाद दोनों पानीपत के काबड़ी गांव में रह रहे है। उसकी पत्नी को पहली डिलीवरी 28 अप्रैल की दोपहर को घर पर हुई थी। शाम के समय करीब साढे सात बजे वह बच्चे को लेकर सिविल अस्पताल दिखाने के लिए जा रहा था। जब वह घर से बाहर निकला, तो देखा कि वहां उसके दोस्त कालू के साथ छोटू निवासी गोपाल कॉलोनी झगड़ा कर रहा था। जिसे उसने ऐसा करने से रोका। वही, आरोपी ने अपने दोस्तों संग मिलकर कालू के अलावा उससे भी मारपीट करनी शुरू कर दी। मारपीट के दौरान वह संतुलन खो बैठा और उसकी गोद से बच्चा उछल सड़क पर गिर गया। जबकि इस मामले की जांच कर रहे एसआई बलवान ने बताया कि प्रवीण के बच्चे की मौत के मामले की जांच की जा रही, पुलिस की जांच में बच्चे की मौत के लिए यदि कोई दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम

डीएवी डेंटल कॉलेज में तीन दिवसीय राष्ट्रस्तरीय समीक्षा कार्यक्रम का हुआ समापन

# दांतों के कीटाणु हमारे गुर्दों व फेफड़ों को भी करते हैं प्रभावितः डॉ. निफिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

डीएवी डेंटल कॉलेज यमुनानगर में इंडियन सोसाइटी ऑफ पेरियोडोंटोलॉजी द्वारा आयोजित राष्ट्रस्तरीय समीक्षा कार्यक्रम का सोमवार को समापन हो गया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में देश भर व नेपाल के पोस्ट ग्रेजुएट के फाइनल ईयर के सौ से ज्यादा विद्यार्थियों भाग लेकर दंत चिकित्सा में किए गए शोध के बारे में जानकारी ली। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ मेजबान डीएवी डेंटल कॉलेज यमुनानगर के प्रिंसीपल डॉ. आईके पंडित ने किया।

समापन अवसर पर इंडियन सोसाइटी ऑफ पेरियोडोंटोलॉजी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की संयोजक डॉक्टर निफिया पंडित ने विद्यार्थियों को बताया कि यदि समय पर इलाज करवाकर दांतों की बीमारियों से छुटकारा नहीं पाया जाता है तो शरीर में कई अन्य रोग भी इससे लग सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभी नए शोध में सामने आया है कि दांतों के कीटाणु ही हमारे गुर्दो और फेफड़ों में भी पाए जाते हैं। इसलिए अगर हम मुंह साफ रखेंगे और दांतों की बीमारियों का समय रहते समाधान करवा लेंगे तो न केवल हमारे दांत स्वस्थ रहेंगे। बल्कि शरीर में फैलने वाली अन्य बीमारियों से भी बचा जा सकता है।




यमुनानगर के डीएवी डेंटल कॉलेज में चल रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर अपने अनुभव सांझा करते हुए नेपाल से आई छात्राएं।

### मसूड़े हमारे दांतों का मुख्य आधार

उन्होंने कहा कि मसूड़े हमारे दांतों का मुख्य आधार है। यदि हमारे मसूड़े ठीक रहेंगे तो तभी हम अच्छा खा पी सकेंगे। डॉ. निफिया पंडित ने कहा कि दांत खराब होने के बाद हम डुप्लीकेट दांत (जबड़ा)लगाते तो हैं लेकिन जो खाना खाने का आनंद असली दांतों में आता है वह डुप्लीकेट दांत लगवाने में नही आता। उन्होंने कहा कि डॉक्टर जिस प्रकार ब्रश करना बताते हैं अगर आप उसी प्रकार सुबह और शाम दो बार ब्रश कर लें तो निश्चित तौर पर दांतों की बीमारी आपके पास नहीं आ सकती है। मौके पर लुधियाना से आए वरिष्ठ पेरियोडोंटोलॉजिस्ट डॉ. डीके कलसी ने बताया कि यह कार्यक्रम निश्चित तौर पर विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगा। शुभारती डेंटल कॉलेज मेरठ से आए एचओडी डॉ. मयूर कौशिक ने बताया कि परीक्षा में आने वाले सभी विषयों को इस समीक्षा कार्यक्रम में रखा जाता है और इनके विशेषज्ञ को बुलाकर बच्चों को उनके अनुभव से अवगत करवाया जाता है । ताकि परीक्षा को विधार्थी अच्छे ढंग से पूरा कर सकें। मौके पर समीक्षा कार्यक्रम आयोजन समिति की सदस्य डॉक्टर शालिनी गुगनानी व दीपिका बाली ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर नेपाल से आई छात्रा डॉ. गीतांजलि, डॉ. सचिता, डॉ. विनीता व डॉ. जिनी ने कार्यक्रम को लेकर आयोजकों की सराहना की। वहीं, पटियाला से आए डॉ. जतिन व डॉक्टर अनामिका ने कहा कि यह उनके लिए एक अलग ही अनुभव है जिसका उन्हें निश्चित तौर पर आने वाले समय में लाभ मिलेगा। मेजबान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आईके पंडित ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी विद्यार्थियों, दंत विशेषज्ञों व अन्य अतिथियों का धन्यवाद किया।

# यमुना पुल टैक्स बेरियर पर लूट का आरोपी 19 साल बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ मामले में पुलिस चार आरोपियों को पहले कर चुकी थी गिरफ्तार

यमुना पुल टैक्स बेरियर पर करीब 19 साल पहले देसी कट्ट के बल पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी उत्तर प्रदेश के जिला शामली के गांव गंदराऊ निवासी इस्लाम उर्फ लांडा को पुलिस ने देर शाम गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी ने 15 अगस्त 2005 को अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर यमुना पुल टैक्स बेरियर पर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपी इस्लाम फरार चल रहा था। कोर्ट ने आरोपी को भगौड़ा घोषित कर रखा था।

जानकारी के अनुसार सदर यमुनानगर पुलिस को देर शाम सूचना मिली थी कि लूट के मामले में फरार चल रहा आरोपी इस्लाम लांडा सदर थाना क्षेत्र के रास्ते से यमुनानगर आएगा। पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस ने उत्तर प्रदेश के जिला मुज्जफरनगर निवासी आसिफ उर्फ गुड्डू, रियासत, अहसान उर्फ कल्लू तथा जाकिर उर्फ चुचरी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

### यह था मामला

टैक्स इंस्पेक्टर विपिन कुमार ने 16 अगस्त 2005 को अपनी शिकायत में बताया था कि वह 15 अगस्त की रात को टैक्स इंस्पेक्टर रेशम लाल व चपरासी राजिंद्र कुमार के साथ कलानौर के पास यमुना पुल टैक्स बैरियर पर ड्यूटी दे रहे थे। इस दौरान रात दो बजे कार्यालय की खिड़की पर दो आदमी आए। आरोपियों नें चपरासी को पकड़ लिया और दो अन्य व्यक्ति गेट खोलकर अंदर घुस गए। आरोपियों ने उन पर देसी कट्टा तान दिया। इस दौरान आरोपियों ने चैसर से 46760 रुपये लूट लिए। इसके साथ ही आरोपियों ने टेबल पर रखा उसका मोबाइल व घड़ी भी लूट ली। इसके बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गए। पुलिस ने मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर मां-बेटी के साथ मारपीट

**यमुनानगर।** गांव संधाय में रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर मां-बेटी के साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद गांव संधाय निवासी परमजीत कौर की शिकायत पर पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### निर्धनों को नहीं मिल रहे बिजली कनेक्शन

**पानीपत।** अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन झांबा गांव कमेटी के नेतृत्व में महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के लाभार्थियों को बापौली गोयला खेड़ा रोड़ स्थित उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम उप मंडल अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ा। झांबा गांव के गरीब परिवारों को एसडीओ बापौली द्वारा सीएम विंडो पर की गई शिकायत पर सुनवाई करने के लिए बुलाया गया। एसडीओ ने झांबा के ग्रामीणों के 4 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से चर्चा करते हुए कोई संतोषजनक जनक कार्यवाही करने की बजाय टरकाने जैसा रुख अपनाया।

### दिनभर चली धूल भरी हवाएं, जनजीवन प्रभावित

**कुरुक्षेत्र।** जिला भर में सोमवार को आसमान में दिन भर धूल उड़ती रही। इन दिनों मौसम हर रोज बदल रहा है। पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी के कारण लोगों के हाल बेहाल हो रहे थे, तो सोमवार को दिनभर चली धूल भरी हवाओं ने लोगों की दिक्कतें बढ़ा दी। बाइक चालकों के साथ पैदल चलने वाले लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। हालांकि धूल उड़ने से दोपहर में धूप का तेज कम रहा, जिससे तापमान में भी एक ही दिन में दो डिग्री सेल्सियस गिर गया। सोमवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### गोदाम से सामान चोरी कर लगाई आग

**यमुनानगर।** गांव गुमथला राव में चोरों ने करियाने की दुकान के ऊपर बने गोदाम से सामान चोरी कर आग लगा दी। जिससे दुकान को करीब ड़ेढ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। गांव गुमथला निवासी सुभाष चंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव में ही करियाने की दुकान है। दुकान के ऊपर उसने गोदाम बनाया हुआ है। रात को चोरों ने दुकान के पीछे स्कूल के रास्ते से ऊपर चढ़कर गोदाम का दरवाजा तोड़कर सामान चोरी कर लिया। इसके बाद आरोपियों ने गोदाम में आग लगा दी। जिससे सामान जल गया। उसने बताया कि जब उसे गोदाम में आग लगने की सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंचा। उसने बताया कि उसको करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

### पुलिस ने मोबाइल चोर को दबोचा

**पानीपत।** समालखा चौकी पुलिस ने गांव भापरा में घरों से मोबाइल फोन चोरी करने वाले आरोपी धर्मेंद्र पुत्र रामजन निवासी ककरईया संत कबीर नगर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी किरायेदार गांव भापरा, समालखा, जिला पानीपत को गिरफ्तार किया। समालखा चौकी इंचार्ज ने जानकारी की ।

---

गुरु नानक खालसा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट टेक्निकल में फेयरवेल पार्टी

# विद्यार्थी भविष्य में जिस क्षेत्र में कार्य करें उसे पूरी ईमानदारी और लगन से करें: डॉ. जोशी

छात्र गुरप्रीत सिंह बने मिस्टर फेयरवेल व रचना बनी मिस फेयरवेल

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर


यमुनानगर। गुरु नानक खालसा इंस्टीट्यूट में आयोजित विदाई समारोह में टाइटल देकर सम्मानित किए गए विद्यार्थी स्टॉफ सदस्यों के साथ खुशी जताते हुए। फोटो: हरिभूमि

गुरु नानक खालसा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट टेक्निकल यमुनानगर में सोमवार को बीबीए प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने बीबीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए और एमबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. अमित जोशी ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। संस्थान के निदेशक डॉ. अमित जोशी ने विदा हुए दोनों विभागों के सीनियर्स विद्यार्थियों को शुभकॉमनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि वह भविष्य में जिस क्षेत्र में भी कार्य करें उसे अपनी पूरी ईमानदारी और लगन से करें। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि उनके संस्थान के विद्यार्थी जिस भी क्षेत्र में कार्य करेंगे वह हमेशा संस्थान द्वारा बताए गए आदर्शों व सिद्धांतों की पालना करते हुए अपने शिक्षकों व अभिभावकों का नाम रोशन करेंगे। मौके पर बीबीए व एमबीए के जूनियर्स विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों समेत अन्य गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखाई। मौके पर विद्यार्थियों ने पंजाबी, हरियाणा, बंगाली व उत्तर प्रदेश के लोक गीतों से समां बांध दिया। मौके पर सीनियर्स ने भी विभिन्न राउंड में अपनी उत्कृष्टता दिखाई। जिसके आधार पर उन्हें टाइटल देकर नवाजा गया।

#### विद्यार्थियों को टाइटल देकर किया सम्मानित

संस्थान के निदेशक डॉ. अमित जोशी ने बताया कि फेयरवेल पार्टी में बीबीए विभाग के छात्र गुरप्रीत सिंह को मिस्टर फेयरवेल व रचना को मिस फेयरवेल का खिताब दिया गया। वहीं, एमबीए विभाग में छात्र विनित को मिस्टर फेयरवेल व ईशा को मिस फेयरवेल का खिताब देकर सम्मानित किया गया। जबकि छात्र माधव को मिस्टर ईव व प्रिया को मिस ईव का खिताब देकर सम्मानित किया गया। मौके पर टाइटल के खिताब से चयनित किए गए विद्यार्थियों को स्मृतिचिन्ह व टाइटल का पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

---


यमुनानगर। ज्योतिबा फुले राजकीय कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शपथ ग्रहण करते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

# विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार निरोध के बारे में दिलाई शपथ

- ज्योतिबा फुले राजकीय कॉलेज रादौर में हुआ विस्तार व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर

ज्योतिबा फुले राजकीय कॉलेज रादौर में सोमवार को रिसर्च एंड डेवलपमेंट, आईपी आरआर कमेटी के तत्वावधान में बौद्धिक संपदा अधिकार व भ्रष्टाचार निरोध विषय पर विस्तार पूर्वक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज की प्राचार्या चंचल रानी ने किया। प्राचार्या ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार मानव मस्तिष्क के विचारों से उत्पन्न एक उपज है। दुनिया के देश कई सदियों से अपने-अपने अलग कानून बनाकर इस मानव मस्तिष्क से उत्पन्न नए-नए विचारों को सुरक्षित करते चले आए हैं। मुख्य वक्ता प्रोफेसर सुरेंद्र नागिया, पंडित चिरंजी लाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज करनाल व अजीत राही नेशनल प्रेसीडेंट ऑफ एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया रहे।

डॉक्टर सुरेंद्र नागिया ने बताया कि बौद्धिक संपदा अधिकार का अर्थ है पेटेंट कॉपीराइट व ट्रेडमार्क के माध्यम से संपत्ति अधिकार प्रदान करना। इसके साथ ही अजीत राही ने छात्रों को भ्रष्टाचार निरोध के बारे में शपथ दिलाई तथा ट्रैफिक नियमों के पालन हेतु भी छात्रों को जागरूक किया।

मौके पर संयोजिका ममता रानी, प्रो.राजेंद्र कुमार, प्रो.डॉ.निर्मल शर्मा, रीतू नरवाल, रीतू बेनीवाल समेत कई प्राध्यापक मौजूद थे।

---

# रोडवेज कर्मियों ने मांगों पर किया मंथन

- हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के सदस्यों ने मांगें जल्द पूरी नहीं होने पर दी कार्रवाई की चेतावनी
- यूनियन के डिपो प्रधान महिपाल सौदे ने लगाया एक साल से टीए का भुगतान नहीं किए जाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर



यमुनानगर। यूनियन कार्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेते हरियाणा रोड़वेज वर्कर्स यूनियन के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) डिपो यमुनानगर के सदस्यों की बैठक सोमवार को बस स्टैंड परिसर स्थित यूनियन के कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता यमुनानगर डिपो प्रधान महिपाल सौदे ने की। मंच संचालन डिपो सचिव राजेश कांबोज ने किया। डिपो प्रधान महिपाल सौदे ने कहा कि रोड़वेज कर्मचारियों की मांगे लंबे समय से लंबित हैं। वहीं, रोड़वेज कर्मचारियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अभी तक एक साल से उनका टीए का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि केवल उन्हें एक महीने का ओवर टाइम दिया गया है। जबकि उनका बाकी सारा ओवर टाइम का भुगतान बकाया पड़ा है। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी इतने निर्भय हो रहे हैं कि उन्हें सरकार के आदेशों की भी कोई परवाह नहीं हो रही है। डिपो प्रधान महिपाल सौदे ने कहा कि अभी तक कर्मचारियों को जूते व वर्दी के पैसे नहीं दिए गए हैं। इस संबंध में वह महाप्रबंधक से मिलकर अपना विरोध जता चुके हैं। इस दौरान महाप्रबंधक ने उन्हें आश्वासन दिया था कि उनका भविष्य में कोई कार्य देरी से नहीं होगा। मगर इसके बावजूद उनकी मांगे पूरी नहीं की जा रही हैं।

---

# यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली प्रिया सम्मानित

- प्रिया ने अपने प्रथम प्रयास में ही यूपीएससी की परीक्षा में 69वां रैंक हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर


यमुनानगर। मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में आईएएस बनी छात्रा प्रिया को पुरस्कार देकर सम्मानित करती प्राचार्या व अन्य स्टॉफ सदस्य।

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित कर यूपीएससी की परीक्षा में 69वां रैंक हासिल करने पर कॉलेज की छात्रा प्रिया का प्राचार्या व स्टॉफ सदस्यों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में कॉलेज प्राचार्या डॉ. रितु कुमार ने भाग लिया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रितु कुमार ने बताया कि उनके कॉलेज की बीएससी नॉन मेडिकल की छात्रा प्रिया ने अपने प्रथम प्रयास में ही यूपीएससी की परीक्षा में 69वां रैंक हासिल कर संस्थान व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। कॉलेज को छात्रा प्रिया की इस उपलब्धि पर नाज है। उन्होंने बताया कि प्रिया शुरू से ही आईएएस अधिकारी बनना चाहती थी। उसने अपने इस सपने को पूर्ण करने के लिए अत्याधिक मेहनत की। प्रिया कॉलेज की एक बहुत ही मेहनती व मेधावी छात्रा रही है। उसके पिता ऋषिपाल जगाधरी रेलवे वर्कशाप से सेवानिवृत हैं और उनका परिवार एक मध्यम वर्गीय परिवार है। वर्तमान में प्रिया पंचकुला में एचसीएस ऑफिसर में चयनित प्रशिक्षण ले रही हैं। कॉलेज प्राचार्या डॉ0 रितु कुमार ने कहा कि कॉलेज को अपनी छात्रा प्रिया की इस उपलब्धि पर गर्व है। उन्होनें प्रिया, उसके माता पिता व संबंधित अध्यापकों को बधाई दी। मौके पर कॉलेज प्रबंधन समिति के महासचिव डॉ. रमेश कुमार ने समिति की ओर से प्रिया को बधाई और शुभकॉमनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. पवन गाबा, डॉ. मनोहर गोयल व प्रिया के बीएससी विभाग के शिक्षकगण डॉ. सविता गर्ग, डॉ. महेश कुमार व डॉ. अंकुर आदि मौजूद रहे।

---

# विज्ञापनों का प्रसारण करने के लिए लेनी होगी अनुमति

- नियमों की अवहेलना करने वालों पर दी कार्रवाई करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर


यमुनानगर। अपने कार्यालय में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार।

लोकसभा चुनाव के मध्यनजर भारत के निर्वाचन आयोग के निदेशानुसर जिला में सिनेमा घर संचालकों व केबल ऑप्रेटरों को विज्ञापन प्रसारण करने के लिए मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी(एमसीएमसी )की अनुमति लेनी होगी। ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एंव उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को पारदर्शिता, शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी नागरिकों को भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन आयोग हरियाणा के आदेशों की पालना करनी होगी। इसके साथ ही जिला के सभी केबल ऑपरेटरों को एमसीएमसी कमेटी के माध्यम से समय समय पर दिए जाने वाले निर्देशों का पालन निर्धारित समय पर करना जरूरी है। इसी प्रकार प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को भी अपने द्वारा प्रकाशित किए जाने वाले पंफलैट, पोस्टर व बैनर आदि का विवरण जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करवाना होगा। चुनाव प्रक्रिया के दौरान केबल ऑपरेटर और सिनेमा हॉल संचालक एमसीएमसी कमेटी के प्रमाण पत्र के बगैर किसी भी विज्ञापन का प्रसारण नहीं कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि यदि केबल ऑपरेटर व सिनेमा घर संचालक द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जाता है या केबल ऑपरेटर व सिनेमा संचालक के खिलाफ कोई शिकायत आती है तो तुरंत उस केबल ऑपरेटर व सिनेमा संचालक के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

#### एनक्सचर ए में करना होगा आवेदन

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि विज्ञापन प्रसारण के लिए संबंधित उम्मीदवार को एनेक्सचर ए में आवेदन करना होगा। जिस पर विचार करके एमसीएमसी कमेटी विज्ञापन प्रसारण के लिए एनेक्सचर बी फार्म में प्रमाण पत्र देगी। विज्ञापन प्रसारण का प्रमाण पत्र लेने के लिए आवेदनकर्ता को प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापन की दो प्रतियां सीडी में देनी होंगी। साथ ही सीडी में दी गई प्रचार सामग्री की स्क्रप्टि की दो प्रतियां भी आवेदन के साथ जमा करवानी होंगी।

#### तीन दिन पहले करना होगा आवेदन

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर पंजीकृत राजनीतिक पार्टी व उनके उम्मीदवारों को विज्ञापन प्रमाण पत्र के लिए प्रसारण के कम से कम तीन दिन पहले आवेदन करना होगा। विज्ञापन प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों पर एमसीएमसी कमेटी तीन दिन के अंदर फैसला लेगी। अगर किसी विज्ञापन के प्रसारण पर कमेटी को आपत्ति है तो वह आवेदन को निरस्त कर सकती है या फिर विज्ञापन को दुरुस्त करने के लिए संबंधित उम्मीदवार को लिख सकती है। इसके लिए संबंधित पक्ष को 24 घंटे का समय दिया जाएगा और उसे विज्ञापन को दुरुस्त करके दोबारा आवेदन कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

---

# कार्यशाला में विद्यार्थियों को दी कई तकनीकी जानकारियां

- जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में हुआ कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर


यमुनानगर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में सोमवार को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोबोटिक्स ऑफ सीएसई डिपार्टमेंट की ओर से आर्डिनो, आईओटी व नोड एमसीओ की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान डायरेक्टर ऑफ कोर सिस्टम चंडीगढ़ के इंजीनियर रोहित खोसला मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला में 103 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को आर्डिनो, इंटरनेट ऑफ थिंग्स के बारे में व भविष्य में आने वाले इनके मूल्यों के बारे में बताया गया। मुख्य वक्ता ने छात्रों को समय के अनुसार नई-नई तकनीक सीखने को कहा और नोड एमसीयू एंड आर्डिनो पर हैंड ऑन कार्य कराया। कॉलेज के निदेशक डॉ.एस के गर्ग ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को भविष्य में तकनीकी के साथ आगे बढ़ने और इस प्रकार के कार्यक्रम को कराने के लिए कहा। उन्होंने मुख्य वक्ता का धन्यवाद करते हुए व भविष्य में छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए और संस्थान से जुड़े रहने की बात कही। मौके पर डॉ.गौरव शर्मा, डॉ.विकास जुनेजा, इंजीनियर कपिल देव, इंजीनियर अलिशा गुप्ता, इंजीनियर रीतू शीरोन व इंजीनियर शिल्पा मौजूद रहे।

---

# बच्चों को दी आग से बचाव की जानकारी

- मुकंदलाल नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में हुआ सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर


यमुनानगर। मुकंदलाल स्कूल रादौर में आयोजित सेमिनार में आग बुझाने का प्रशिक्षण लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

मुकंदलाल नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में सोमवार को फायर सेफ्टी व सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी विकास जैन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मौके पर डेमो के माध्यम से बच्चों को कई आवश्यक जानकारियां दी गई। फायर स्टेशन आफिसर विजय कुमार ने आग लगने के कारण व उससे बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को फायर एक्सटिंग्विशर, सीओ, सिलेंडर, फायर ब्रिगेड वॉटर टैंक का इस्तेमाल करके आग बुझा कर दिखाई। प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने आए हुए अतिथियों का सेमिनार में आवश्यक जानकारियां देने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों को आने वाली आपदाओं से सतर्क रहने के लिए तैयार किया जा सकता है। कहीं पर भी आगजनी की घटनाएं होने पर इस तरह की जानकारी महत्वपूर्ण होती है। मौके पर विल्सन कुमार, शिल्पी गुप्ता, रेनू शर्मा आदि मौजूद थे।

---

बैठक | गुरुद्वारा करतारपुरा यमुनानगर में हुई सिख समाज संस्था के सदस्यों की बैठक

# हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का जल्द चुनाव कराने की मांग

- हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ सदस्य सरदार दीदार सिंह नलवी ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

- चुनाव की तिथि निर्धारित नहीं किए जाने पर रोष जताया गया।


यमुनानगर। गुरुद्वारा करातारपुरा में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए सिख समाज संस्था के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

गुरुद्वारा करतारपुरा में सिख समाज संस्था के सदस्यों की बैठक का आ यो ज न किया गया। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ सदस्य सरदार दीदार सिंह नलवी ने भाग लिया। मौके पर सिख समाज संस्थान के सदस्यों ने सरकार द्वारा हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव की तिथि निर्धारित नहीं किए जाने पर रोष जताया गया। मुख्यातिथि एवं हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ सदस्य सरदार दीदार सिंह नलवी ने कहा कि एचएसजीपीसी के चुनाव गत 6 मार्च को होने थे। मगर इन चुनाव को अचानक स्थगित कर दिया गया और चुनाव की आगामी तिथि निर्धारित नहीं की गई। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से लोकसभा चुनाव संपन्न होने के तुरंत बाद हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव की तिथि की घोषणा किए जाने की मांग की।

#### हरियाणा में 52 ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब

सरदार दीदार सिंह नलवी ने सिख संगत की बैठक में मौजूदा हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा पेश किए गए सालाना बजट 2024-25 की प्रति सिख संगत को दिखाई। उन्होंने बताया कि बजट को साधारण पेपर पर पेश कर दिया गया। जिस पर किसी भी अथॉरिटी के हस्ताक्षर आदि भी नहीं किए गए। उन्होंने बताया कि हरियाणा में 52 ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब हैं। सभी गुरुद्वारा साहिब का बजट लेन देन केवल एक फिगर लिख के निपटा दिया गया। जबकि बजट में सभी गुरुद्वारा साहिब का अलग अलग लेखा जोखा दर्शाया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा कमेटी पर काबिज सरकारी सदस्य सिख संगत के पैसों का दुरुपयोग कर रहे हैं। इसलिए सरकार जल्द से जल्द कमेटी के चुनाव की तिथि की घोषणा करे। ताकि सिख संगत द्वारा चुने हुए काबिल सदस्य सारा प्रबंधन ईमानदारी से संभाल सकें। मौके पर सिख समाज संस्था के जिला प्रधान सरदार अरविंदर सिंह खालसा ने कहा की गुरुद्वारे सिख कोम की बुनियाद हैं। जहां से सिखी का सिखी सिद्धांतो का सारी मनुखता समेत सारी सृष्टि की सेवा का जज्बा मिलता है। इस पर काबिज सरकारी या किसी सिफारिशी सदस्य द्वारा बिना किसी लालच के ईमानदारी से सेवा करने की उम्मीद नहीं की जा सकती। हरियाणा सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करके जल्द से जल्द इलेक्शन करवाने चाहिए। मौके पर सरदार गुरमीत सिंह, रंजीत सिंह, नरेंद्र सिंह कोहली, चरणजीत सिंह, तरणबीर सिंह रेखी, इंद्रजीत सिंह बजाज व सरदार गुरदयाल सिंह निमर आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला टास्क फोर्स की बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि जिला स्तरीय मलेरिया कार्यकारी कमेटी की बैठक का आयोजन 30 अप्रैल को सायं 4 बजे बजे लघु सचिवालय के सभागार में किया जाएगा। इस बैठक में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और जापानी एन्सेफलाइटिस जैसे वेक्टर बॉर्न रोगों की रोकथाम और नियंत्रण को लेकर चर्चा की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त कुरुक्षेत्र करेंगे।

### ये चुनाव मोदी की गारंटी का चुनाव है : जिन्दल

**पिहोवा।** कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नवीन जिन्दल ने आज कहा कि यह चुनाव साधारण नहीं बल्कि बच्चों की तरक्की और हम सभी के सुनहरे भविष्य के लिए मोदी की गारंटी का चुनाव है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस में हर जगह लड़ाई है और कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली का इस्तीफा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जिन्होंने यह कहकर कि केजरीवाल हमें गाली देता था, आज उनके लिए वोट नहीं मांगने जाऊंगा, कांग्रेस पार्टी छोड़ दी।

### अनिल धवन ने छोड़ी आप पार्टी, भाजपा में शामिल

**पिहोवा।** भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद नवीन जिंदल का भाजपा ओबीसी मोर्चा की ओर से जोरदार अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नवीन जिंदल के पुराने साथी रहे अनिल धवन ने जिंदल का समर्थन करने की घोषणा की। उनके साथ पार्षद पराग धवन भी नवीन के समर्थन में सामने आए। बता दें कि अनिल धवन ने आम आदमी पार्टी की टिकट पर नगरपालिका प्रधान का चुनाव लड़ा था। उनकी पत्नी महक धवन भी पूर्व में नगर पालिका की अध्यक्षा रह चुकी है। उनके साथ कई मौजूदा पार्षद डॉ. सर्बजीत, पार्षद प्रतिनिधि दीपक पंचौली, जस्सी मान, हेमंत धवन मुन्ना, और पूर्व पार्षद भी नवीन जिंदल के समर्थन में खुलकर सामने आए।

### नवीन जिंदल को गन्ना देकर किया सम्मानित

**पिहोवा।** नवीन जिन्दल गांव बाखली कलां पहुंचे तो किसानों ने प्यार की मिठास घोलते हुए गन्ने देकर उनका स्वागत किया। किसानों ने कहा कि पूरे देश मे गन्ने की फसल का सबसे ज्यादा भाव हरियाणा के किसानों को मिल रहा है। वे जिंदल परिवार से पिछले 28 वर्षों से जुड़े हुये है। चुनाव में कोई गिला शिकवा नही है। किसानों के समूह ने जिन्दल को गले लगा लिया और उन्हें सम्मान स्वरूप गन्ना भेंट किया।

### पीएम मोदी पर जनता का भरोसा : डॉ. गणेश दत्त

**लाडवा।** भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व सुशासन विभाग के प्रदेश सदस्य डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 साल के कार्यकाल में जो कहा उसे पूरा करने का प्रयास किया। समाज के हर वर्ग का सामाजिक, आर्थिक उत्थान किया। मोदी की कथनी व करनी समान है। पीएम की इसी कार्यशैली से देश की जनता उन पर भरोसा जता रही है। दूसरी ओर घमंडिया गठबंधन का तानाबाना स्वार्थपूर्ण और निजी महत्वकांक्षा को पूरा करने के लिए बना है।

---

## पहले दिन नही हुआ कोई नामांकन, 29 से 6 मई तक चलेगी नामांकन प्रक्रिया

# कुरुक्षेत्र लोकसभा आम चुनाव को लेकर अधिसूचना हुई जारी

**7 मई को नामांकनों की छटनी का कार्य होगा, 9 मई तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे, 25 मई को मतदान होगा और 4 जून को होगी मतगणना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किए गए लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम के अनुसार कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में सोमवार को चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। नोटिफिकेशन के जारी होते ही अब प्रत्याशी अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकते है। यह नामांकन पत्र उपायुक्त कार्यालय कोर्ट रुम के कमरा नंबर 105 में 29 अप्रैल से लेकर 6 मई 2024 तक (सभी कार्य दिवसों) में सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक दाखिल किए जा सकते है। अधिसूचना जारी होने के बाद पहले दिन कोई भी नामांकन दर्ज नही हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि 29 अप्रैल से नामांकन दाखिल करने की तिथि आरंभ हो गई है जो आगामी 6 मई तक रहेगी। इस अवधि में कोई भी प्रत्याशी अपना नामांकन प्रातः 11 बजे से सायं 3 बजे तक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त के समक्ष उपायुक्त कोर्ट रुम कमरा नंबर 105 में हाजिर होकर दाखिल कर सकता है। इस अवधि में राजपत्रित अवकाश व रविवार के दिन कोई भी नामांकन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। नामांकन पत्र के प्रारूप संबंधित स्थान पर ही स्वीकार किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है और आगामी 6 मई तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि 7 मई को नामांकनों की छटनी का कार्य होगा, 9 मई तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे, 25 मई को मतदान होगा और 4 जून को मतगणना का कार्य किया जाएगा। जिला में लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराया जाएगा। लोकसभा चुनाव की घोषणा से ही पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है, जिसका पालन करना सभी के लिए जरूरी है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ जनप्रतिनिधि अधिनियम के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।



**कुरुक्षेत्र।** जानकारी देते एक्सपेंडिचर आर्ब्जवर आईआरएस कार्तिक लक्ष्मण भाई सारेसा। *फोटो : हरिभूमि*

### सभी प्रत्याशियों को चुनावी खर्च का रखना होगा हिसाब

*लाडवा। लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए भारत चुनाव आयोग द्वारा आईआरएस कार्तिक लक्ष्मण भाई सारेसा को कुरुक्षेत्र के लिए एक्पैंडिचर ऑब्जर्वर के रूप में भेजा है। इस एक्सपेंडिचर आब्जर्वर ने अपनी ड्यूटी संभालते ही जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा के साथ-साथ लाडवा विधानसभा क्षेत्र के एआरओ एवं एसडीएम नसीब कुमार और एसटी व एफएसटी टीमों के सदस्यों के साथ बैठक कर भारत चुनाव आयोग द्वारा जारी हिदायतों पर चर्चा की है। इतना ही नहीं कोई भी राजनीतिक दल एक्सपेंडिचर आब्जर्वर के दूरभाष नंबर 97285-04065 पर चुनावी खर्चों से संबंधित सूचना दे सकता है। इस सूचना के आधार पर तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।*

### कोऑपरेटिव सोसायटी के एआर प्रदीप चौहान को बनाया मजिस्ट्रेट

कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में 25 मई 2024 को मतदान होगा। इस मतदान में विभिन्न प्रत्याशी लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय के कमरा नंबर 105 में अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए पहुंचेंगे। इस दौरान कानून व्यवस्था और आमजन की सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आईपीसी 1973 की धारा 22 (1) व 23 (2) के तहत आयुक्त कोर्ट रूम में नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान कोऑपरेटिव सोसायटी के एआर प्रदीप चौहान को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।



डीसी शांतनु शर्मा।

### चुनाव को लेकर धारा 144 के तहत आदेश किए पारित

जिलाधीश एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने धारा-144 के तहत आदेश जारी किए हैं कि 18वीं लोकसभा के लिए कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में 25 मई 2024 को मतदान होगा। इस मतदान में कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से विभिन्न प्रत्याशी लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय के कमरा नंबर 105 में अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए पहुंचेंगे। इस दौरान कानून व्यवस्था और आमजन की सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 29 अप्रैल से 7 मई 2024 तक सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कार्यालय के कमरा नंबर 105 के 100 मीटर के दायरे में भीड़ के एकत्रित होने पर पूर्णतः पाबंदी रहेगी ताकि नामांकन दाखिल करने के लिए आने वाले प्रत्याशी शांतिपूर्ण तरीके से अपना नामांकन दाखिल कर सके। ये आदेश प्रशासनिक अधिकारियों, ज्यूडिशियल, पुलिस, ट्रांसपोर्ट, स्वास्थ्य और अन्य विभाग, जो कानून व्यवस्था बनाने में कार्यरत होंगे, उन पर लागू नहीं होंगे।

---



### प्रकाश पर्व पर लगाया फ्री मेडिकल कैंप

**कुरुक्षेत्र।** श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व पर मॉडर्न पैथ लैब पेशेंट केयर डायग्नोस्टिक सेंटर सेक्टर-13 कुरुक्षेत्र द्वारा फ्री मेडिकल चैकअप कैंप लगाया गया। ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही नौंवी झांसा रोड पर लगाए गए इस निशुल्क मेडिकल कैंप में 200 से भी ज्यादा मरीजो का निरीक्षण कर निशुल्क दवाइयां भी दी गई। शिविर संयोजक लवप्रीत सिंह ने बताया कि इस दौरान बायोथेसियोमेट्री, डायबिटीज, न्यूरोपैथी, बोन डेंसिटोमेट्री मशीनो द्वारा फ्री जांच कर मरीजों को उचित परामर्श दिया गया। इसके काफी मरीजों के शुगर, ब्लड टेस्ट, एचबी, ब्लड ग्रुप, आदि टेस्ट भी फ्री किए गए हैं। कैंप में लवप्रीत सिंह, डॉ. पायल रोहिल्ला, डॉ. सोनिया ग्रोवर, डॉ. यशिका, डॉ. राजा सिंगला, डॉ. सिमरन आनंद, डॉ. जसप्रीत कौर की टीम ने मरीजों के विभिन्न रोगों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाईयां व टिप्स दिए। इस दौरान नवनीत कौर, अंजलि टांक, मनप्रीत सिंह, साहिल लोथ, अभिषेक, साहिल सिंह, प्रीति व माही ने सहयोग किया।




### महाराणा प्रताप जयंती समारोह का दिया न्योता

**कुरुक्षेत्र।** गांव भुस्तला में महाराणा प्रताप जयंती समारोह व क्षत्रिय स्वाभिमान महाकुंभ के लिए समस्त संघर्ष समिति व पूर्ण सिंह, विनोद राणा थम्बड ने आयोजन का न्योता दिया। कुरुक्षेत्र क्षेत्र के गांव सुढपुर, अजराणा, तंगौर, कठवा, कलसाना भूस्तला, लूखी, जलबेहडा, चनालहेडी बीबीपूर आदि गांवों में आयोजन समिति के प्रमुख ने 9 मई को बराडा में सुबह 9 बजे जयंती में पहुंचने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप की जयंती बडी हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई जाएगी। महाराणा केवल एक जाति के नही बल्कि सर्व समाज के वीर योद्धा है। इसलिए सभी को जयन्ती मे बड चढ़कर भाग लेना चाहिए। विनोद थम्बड ने कहा कि मुगलों से समाज को राज्य की रक्षा के लिए महाराणा प्रताप ने जीवन भर लोहा लिया। इस मौक पर पूष्पिन्दर सिंह तेजवीर सिह, अजय राणा, तिलक राज व गणमान्य व्यक्तियगण मौजूद रहे।

---

## शबद कीर्तन कर किया संगत को निहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के प्रकाश पर्व पर महान कीर्तन समागम धर्मनगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही नौवीं हुआ। समागम में श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर के हजूरी रागी भाई कुलदीप सिंह व भाई भूपिंदर सिंह ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। भाई सुरजीत सिंह वारस जलांधर वालों के ढाडी जत्थे ने ढाडी वारों से संगत को गुरु इतिहास से जोड़ा। इससे पहले मीरी-पीरी के मालिक साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज की चरण छौह प्राप्त ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी कुरुक्षेत्र के हजूरी रागी भाई मलिंदर सिंह के जत्थे ने भी अपनी रूहानी आवाज में शबद कीर्तन कर संगत को बांधे रखा। श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब सेवक जत्थे के सहयोग से करवाए गए इस समागम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना विशेष तौर पर पहुंचे। उन्होंने संगत से रूबरू होते हुए कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए जीवन का बलिदान दिया। कार्यक्रम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के उप सचिव अमजिंदर सिंह धंतौड़ी के पुत्र हरमिलाप सिंह व पुत्री अंशप्रीत कौर ने अपनी सुरीली व नटखटी आवाज में तेरे जैसा कोई न जग विच्च होया, धन-धन बाजां वालियां रचना पेश कर संगत को मोह लिया। संगत ने बोले सो निहाल के उद्घोष से बच्चों की हौंसला अफजाई करते हुए उनकी प्रशंसा भी की।



**कुरुक्षेत्र।** भाई–बहन को सम्मानित करते हरियाणा कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### बैठक में मांगों बारे नही बनी सहमति

**कुरुक्षेत्र।** ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन 1947 कुरुक्षेत्र डिपो कमेटी एवं पेहवा सब डिपो कमेटी को महाप्रबंधक ने मांग पत्र पर बातचीत के लिए बुलाया। जानकारी देते हुए डिपो प्रधान नरेंद्र पांचाल ने बताया कि कुछ मांगों को छोड़कर महाप्रबंधक का अड़ियल रवैया रहा क्योंकि कुछ महाप्रबंधक महोदय के अधीन अधिकारी कर्मचारियों का शोषण कर रहे हैं। उनसे 13-14 घंटे ड्यूटी ली जा रही है। मगर उसके बदले उनको न तो ओवर टाइम दिया जा रहा है ना ही ओटी रेस्ट दिया जा रहा है। सप्ताह के 48 घंटे एवं 35 की रसीट का हवाला देकर उनका अवर टाइम काट दिया गया है तथा 2022 से लगातार यूनियन महाप्रबंधकों को टाइम टेबल के बारे में लिखकर दे रही है।

## नृत्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं : डा. ममगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारत अकेला ऐसा देश है जहां नृत्य शारीरिक गतिविधि नहीं बल्कि आध्यात्मिक मनोयोग है; इसलिए नृत्य को महायोग भी कहा गया है। नृत्य अपने आप में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। नृत्य करने से 70 से 80 फीसदी तक हृदय बिना और कुछ किए स्वस्थ रहता है और दो दर्जन आधुनिक जीवन शैली से जुड़ी बीमारियां जैसे चिंता, अवसाद, उच्च रक्तचाप, मधुमेह,एंजायटी और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियां आपके पास फटक भी नहीं सकती। यह जानकारी लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के हृदय एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र ममगाईं शैली ने विश्व नृत्य दिवस के अवसर पर अस्पताल परिसर में रोगियों और उनके सहायकों को जागरूकता कार्यक्रम के तहत संबोधित करते हुए दी। कहा कि नृत्य हमारे फिट रहने का सबसे आसान और सरस तरीका है। इसी जागरूकता को लाने के लिए आधुनिक बेली डांस के जनक जीन जार्जेस नेवर के 29 अप्रैल, 1727 को हुए जन्म दिवस को 'विश्व नृत्य दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी सरोज, मीनू परूथी, रेखा, विख्यात लोक गायक विनोद शर्मा, सुनील अत्री आदि रहे।



**कुरुक्षेत्र।** रोगियों और उनके सहायकों को संबोधित करते हृदय एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र ममगाईं शैली। *फोटो : हरिभूमि*

---




### विद्यार्थियों को शरीर स्वस्थ रखने का दिया मूलमंत्र

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आयुर्वेदिक कॉलेज के आयुष विभाग से आयुर्वेदिक विशेषज्ञ संदीप गुप्ता एवं योगा विशेषज्ञ मनजीत ने विद्यार्थियों को शरीर स्वस्थ रखने का मूलमंत्र दिया। आयुर्वेदिक विशेषज्ञ ने बताया कि आयुर्वेद को भारत की प्राचीन पद्धति और अमूल्य धरोहर माना जाता है। योग, प्राणायाम विशेषज्ञ मंजीत ने प्राणायाम के माध्यम से विद्यार्थियों को तन एवं मन को एकाग्र करने के टिप्स दिए। संदीप गुप्ता ने विद्यार्थी की दैनिक क्रियाओं के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि विद्यार्थी को उचित और मौसम के अनुरूप भोजन करना चाहिए। गर्मियों में अधिक भोजन, मात्रा में जल पीना चाहिए, हल्का भोजन, दलिया, सत्तू, खीरे, ककड़ी, नींबू पानी पीकर अपने शरीर का उचित तापमान बढाए रखें। आज कल हमारे देश के विद्यार्थियों में तनाव बढ़ता जा रहा है, इसको दूर करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप में विद्यार्थियों को मजबूत होना चाहिए। हर दिन सुबह उठकर गर्म पानी का सेवन करके अपने दोनों हाथों को देखकर भगवान का धन्यवाद करें।

## कृषि विभाग की टीम ने बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर भरे 10 सैंपल, कार्रवाई से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

कृषि विभाग के अधिकारियों ने कुरुक्षेत्र जिले के उपमंडल लाडवा में अलग-अलग जगहों पर औचक छापेमारी करके बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों से बीजों के 10 सैंपल एकत्रित किए है। यह सैंपल किसानों के हित को जहन में रखकर लिए गए है। इन बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर सीजन के दौरान निरंतर कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण कर सैंपल लिए जाएंगे, अगर किसी भी स्तर पर बीजों की गुणवत्ता में कमी पाई या फिर निर्धारित दरों से ज्यादा रेट में बीजों की बिक्री की तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह आदेश उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए है। कृषि विभाग के गुण नियंत्रक एसडीओ जितेन्द्र मेहता की टीम ने लाडवा उपमंडल में अलग-अलग जगहों पर बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर औचक छापेमारी की। यह छापेमारी किसानों के माध्यम से बीजों को लेकर बरती जा रही अनियमितता से संबंधित मिली शिकायतों के आधार पर की गई है। एसडीओ जितेन्द्र मेहता ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार और उपनिदेशक के मार्गदर्शन में टीम के सदस्यों ने बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी करके 8 सैंपल लिए है। इसके साथ ही प्रतिष्ठानों के दस्तावेजों की भी जांच की गई है। इस जिले में बीजों की किस्मों को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थी। अब इस जिले में अब तक बीजों के 46 सैंपल लिए गए है।



छापेमारी करती कृषि विभाग की टीम।



### ब्रह्माकुमारीज ने झांकी के माध्यम से नशा मुक्ति के लिए किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय माउंट आबू से चली नशा मुक्ति अभियान रथ यात्रा का धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के विश्व शांति धाम में पहुंचने पर केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज दीदी के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। यहां राजयोगिनी सरोज दीदी के मार्ग दर्शन में यह रथ यात्रा विभिन्न स्कूलों, कालेजों, गांवों में जन-जन को जागृत करने के उद्देश्य से सेवा कार्य करेगी। इसी मुहिम के तहत राजकीय उच्च विद्यालय दबखेड़ी में पहुंचने पर बच्चों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत अभिनंदन किया। बी.के विद्या बहन ने बताया कि छोटे-छोटे प्रयास ही मिल कर बड़ा कार्य करते हैं। एक व्यक्ति बदलेगा, तो परिवार बदलेगा। परिवार से समाज, समाज से राष्ट्र और राष्ट्र से विश्व परिवर्तन होगा। सबसे पहले बच्चों को कुंभकरण की झांकी दिखाई गई, जिसके द्वारा संदेश दिया गया कि पहले हम जागेंगे, फिर औरों को जगाएंगे।

---

## अभियान के तहत छात्रों को नशा करने से होने वाले नुकसानों के बारें में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में एक दिवसीय नशे के विरुद्ध 5 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें 5 विभिन्न सत्रों में 1056 विद्यार्थियों, शिक्षकों, माली, बस चालकों और परिचालकों ने भाग लिया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने पांचों सत्रों में अलग अलग व्याख्यान देकर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया। उन्होंने बताया कि यद्यपि प्रतिबंधित नशा तस्करी को विफल करने के लिए पुलिस और एनसीबी दिन रात प्रयास कर रही है तो भी यह कार्य पूर्ण रूप से समाप्त नहीं हो पा रहा है। नशा मुक्त अभियान चलाकर जन जन को सचेत कर यह कार्य किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए बताया कि न केवल प्रतिबंधित नशा मनुष्य के लिए क्षति कारक है अपितु तम्बाकू उत्पाद भी घातक हैं। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशक एनी फिलिप, प्राचार्या प्रतिमा शर्मा, रमेश चंद, राजेंद्र मदान आदि उपस्थित रहे।



**कुरुक्षेत्र।** विद्यार्थियों को जागरूक करते डा. अशोक वर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

### सहजयोग की नारी शक्ति ने मेडिटेशन कार्यक्रम का किया आयोजन

## मानव शरीर की सूक्ष्म नाड़ियों के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, छोटा बाजार थानेसर में सहजयोग ध्यान केंद्र की नारी शक्ति टीम द्वारा सहजयोग की संस्थापिका परम पूज्य माताजी निर्मला देवी द्वारा सिखाये गए कुंडलिनी जागरण एवं आत्म साक्षात्कार का अनुभव करने का कार्यक्रम करवाया गया। कन्या विद्यालय के लिए नारी शक्ति टीम ने ही पूरा ध्यान प्रक्रिया सिखाई। प्रारम्भ में सहजयोग नारी शक्ति टीम की साधक डॉ पूजा सिंह ने बताया कि वैसे तो मानव शरीर में अनंत नाड़ियां हैं किन्तु मानव शरीर में स्थित सूक्ष्म मानव में भूतपूर्व काल की इड़ा नाड़ी, भविष्य काल की पिंगला नाड़ी और वर्तमान की सुषमना नाडी. हैं। इन नाड़ियों की सफाई और इन पर विराजित देवी देवताओं के गुणों का वर्णन किया गया। तत्पश्चात सहजयोग कुरुक्षेत्र नारी शक्ति टीम समन्वयक ऊर्णिमा गौड़ द्वारा सभी विद्यार्थियों को आत्म साक्षात्कार की अनुभूति करवाई गई। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने आप को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ महसूस करवाया गया। उन्होंने छात्रों लिए सहजयोग क्यों जरूरी है विषय पर विस्तार से बताया। उन्होंने बताया जब छात्र वर्तमान में रह कर शुद्ध ध्यान करके अपनी पढाई करेगा तो उसे पढाई अच्छी तरह से होगी। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल अश्वनी कौशिक ने सहजयोग ध्यान केंद्र से आई टीम का धन्यवाद किया व ध्यान केंद्र की टीम से दुबारा स्कूल में कार्यक्रम करने का आग्रह किया। इस अवसर पर ध्यान केंद्र की तरफ से कविता सैनी, रेखा, काजल, तनवी, बलविंदर कौर, आरती व अध्यापक अभिषेक कुमार, अध्यापिका प्रेम लता, सुमन गौतम, हीरा मणि आदि उपस्थित रहे।



**कुरुक्षेत्र।** मैडिटेशन की क्रियायें सीखते छात्र। *फोटो : हरिभूमि*

## खबर संक्षेप

### मंजूरी के बिना प्रकाशित न करें सामग्री

**अंबाला।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि एमसीएमसी कमेटी की स्वीकृति के बिना कोई भी प्रिंटिंग प्रेस राजनैतिक दल से संबंधित चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करे। प्रचार-प्रसार से सम्बधिंत सामग्री छापने से पहले उसकी अनुमति लेना अनिवार्य हैं तथा चुनाव आयोग की जो हिदायतें हैं, उनकी अनुपालना करते हुए यह कार्य करें। उपायुक्त ने कृषि सदन के प्रिंटिंग प्रेस प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक ले रहें थे।

### 30 को बनाए जाएंगे एंट्री पास

**अंबाला।** जिला खेल अधिकारी प्रवीन कुमार ने बताया कि कार्यालय मे बने ऑल वैदर स्वीमिंग पूल व आनंद स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, में 1 मई 2024 से 31 मई तक का एंट्री पास 30 अप्रैल 2024 को बनाए जाएंगे। इच्छुक खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड प्रतिलिपि के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो लेकर अपने एंट्री पास बनवाने के लिए वार हीरोज स्टेडियम में संपर्क कर सकते हैं।

### चुनाव कार्यालय का किया अवलोकन

**अंबाला।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत लगाए गए खर्चा आब्जर्वर आईएएस चेत राम मीणा ने सोमवार को चुनाव कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम का अवलोकन किया। इस मौके पर उनके साथ डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। खर्चा आब्जर्वर चेत राम मीणा ने कंट्रोल रूम का दौरा करते हुए सी-विजिल ऐप व सुविधा एप पर मिली शिकायतों की कार्रवाई की भी समीक्षा की।

### गांव जाजवान में किसान की करंट लगने से मौत

**जींद।** गांव जाजवान में रात को खेत में सिंचाई करने गए किसान की करंट लगने से मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया और बिसरे को जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेज दिया है। गांव जाजवान निवासी बिजेंद्र (33) बीती रात खेत में सिंचाई करने हुआ था। रात को वह खेत मे करंट की चपेट में आ गया।

### अपहरण करके खाते से राशि की ट्रांसफर

**कैथल।** रुपयों के लेनदेन को लेकर पांच आरोपियों ने पहले एक युवक को बस स्टैंड पर बुला लिया, बाद में उसका अपहरण कर अपने घर ले गए। आरोपियों ने उसे कमरे में बंद करके मारपीट की और उसके खाते से अपने खाते में रुपये डलवा लिए। साथ ही उसको जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत

**जींद।** उचाना मंडी के निकट तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें स्कूटी सवार की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के भतीजे की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलतः गांव मोहनगढ़ छापड़ा हाल आबाद उचाना मंडी निवासी वजीर अपने गांव के निर्माणाधीन मकान को संभालने गया हुआ था।

## तीसरे अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस धमक कार्यक्रम में छात्रों ने दिखाए जौहर

# पंजाबी गिद्दे पर छात्राओं ने मचाया धमाल, जमकर लूटी वाहवाही

भविष्य में नृत्य कला को बढ़ावा देने के लिए बच्चों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





अंबाला। कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं व छात्र।



पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के सौजन्य से तीसरे अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस धमक - 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस में शहर के विभिन्न विद्यालयों से उभरती प्रतिभाओं ने अपनी कला के रंग बिखेरे।

कार्यक्रम के आरंभ में पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली ने मुख्य अतिथि एवं सभी कला प्रेमियों का स्वागत करते हुए बताया कि सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस 1982 में मनाया गया था। तब से अब तक यह परंपरा चली आ रही है। इस अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस को यूनेस्को की सहयोगी नाच समिति ने जैन जॉर्ज नोवेरे जो आधुनिक बैले का प्रमुख चेहरा है उनकी याद में समर्पित किया है। कार्यक्रम की सम्मानित अतिथि शबनम आनंदनाथ ने इस दिवस को मानाने के लिए आयोजकों का धन्यवाद किया। भविष्य में नृत्य कला को बढ़ावा देने के लिए बच्चों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं द्वारा हरियाणवी लोकनृत्य की धमाकेदार प्रस्तुतियों दी गई। इसके साथ ही श्री विद्यासागर बाल भारती पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा पंजाबी लोकनृत्य, एवं मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पंजाबी नृत्य प्रस्तुत किया। इन सभी नृत्यों ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कुमारी रिया अग्रवाल थी जो कि देखने ,सुनने और बोलने में पूरी तरह से सक्षम नहीं है फिर भी उसने अपने नृत्य के बल पर अपने पैरों में बंधे हुए घुंघरुओं की खनक से लोगों को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया। हरियाणवी एकल नृत्य प्रस्तुति में कुमारी विधेयी आनंद व तुलसी पब्लिक स्कूल की अंशिका ने अपने नृत्य के माध्यम से लोगों की वाहवाही लूटी।।

इस अवसर पर कला क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए जेपी मेहता , उमेश कौशल को म्यूजिक डायरेक्टर , कंपोज़र व गायन क्षेत्र में स्वर्गीय चरणदास चन्नी को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के आधार पर उनकी धर्मपत्नी को शाल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। अंजलि वधावन ने इस अवसर पर कहा कि कला एक गहरा सागर है।

इसकी गहराई का कोई और दूसरा छोर नहीं है। कलाकार जितनी अधिक मेहनत करेगा उसे उतना ही ज्ञान प्राप्त होगा इसलिए अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रहना इस दिन का यही महत्व है। ताकि पाश्चात्य सभ्यता का इस पर प्रभाव न पड़े। प्रोजेक्ट निदेशक बुध राम ने आए हुए सभी महानुभाव का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया। बताया कि कला के इस खूबसूरत रूप का जश्न मनाने और विश्व स्तर पर अन्य नृत्य रूपों को सजोने के लिए अंबाला शहर में कलाकार समाज की तरफ से हर वर्ष किसी न किसी रूप में मानाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जसदीप सिंह बेदी, प्रोफेसर ललिता, गोपी सहगल , बलजीत सिंह , मंजीत , दिनेश कुमार , डॉ. संजय गौतम , बिट्टू महंत व चार बार की हरियाणवी समूह नृत्य की विजेता इंदु भारत भूषण भी विशेष रूप से उपस्थित रही। कार्यक्रम में उपस्थिति देने वाले छात्र छात्राओं में अंशिका प्रिंस , जसविंदर , सुधीर , निशा , कीर्ति , परी , लक्षिता , रिद्धिमा , तन्वी , अंशिका , जसमीत , मेहरप्रीत , अनन्या , आराध्या शामिल रही।



अंबाला। रैली स्थल का जायजा लेते पूर्व मंत्री अनिल विज व अन्य।

## रैली को लेकर पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने तैयारियों का जायजा लिया

- लोकसभा प्रत्याशी करेगी नामांकन दाखिल
- तैयारियों को लेकर मौके पर 31 सदस्यीय चुनाव प्रबंधन समिति को दिशा-निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने आगामी एक मई को अंबाला छावनी के गांधी ग्राउंड में सुबह नौ बजे प्रस्तावित रैली को लेकर लोकसभा चुनावों के लिए गठित 31 सदस्यीय चुनाव समिति के साथ तैयारियों का जायजा लिया। विज ने बताया कि एक मई को रैली आयोजित की जाएगी। इस रैली को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि रैली के उपरांत अंबाला संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी बंतो कटारिया अपना नामांकन पत्र भरेंगी। विज ने शाम को 31 सदस्यीय चुनाव प्रबंधन समिति के साथ गांधी ग्राउंड में तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था, रैली स्थल तक आने-जाने के मार्ग, स्टेज, पार्किंग एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर दिशा-निर्देश दिए । उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह अधिक से अधिक संख्या में रैली स्थल पर समय से पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग व्यवस्था बनाने के पदाधिकारियों की जिम्मेवारियां तय की। उन्होंने मौके पर सुरक्षा एवं अन्य प्रबंधों का भी जायजा लिया। गौरतलब है कि आगामी एक मई को अंबाला लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बंतो कटारिया अपना नामांकन भरेंगी। इससे पहले अम्बाला छावनी के गांधी ग्राउंड में विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा जिसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी सहित पूर्व गृह मंत्री श्री अनिल विज सहित अन्य नेतागण मौजूद रहेंगे।

गांधी ग्राउंड में तैयारियों का जायजा लेने के दौरान 31 सदस्यीय चुनाव समिति के संयोजक ललित चौधरी, जसबीर सिंह जस्सी, विजेंद्र चौहान, किरणपाल चौहान, संजीव सोनी, बीएस बिंद्रा, श्याम सुंदर अरोडा, फकीरचंद सैनी, नरेंद्र राणा, राम बाबू यादव, सुदर्शन सिंह सहगल, अजय बवेजा, सुरेंद्र बिंद्रा, रवि सहगल, ललता प्रसाद, राजीव जैन, सुनील, पुनित सरपाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। लोकसभा चुनावों को लेकर पूर्व गृह मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में दो कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं।

## नुक्कड़ नाटक के जरिए छात्रों ने ग्रामीणों को मतदान के लिए किया जागरूक

- सौ फीसदी मतदान करने का किया आग्रह, सरकारी कॉलेज के छात्रों ने किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ़। मतदान के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए छात्र।

राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों के द्वारा स्वीप एक्टिविटी के तहत मतदान पर एक नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया। बस स्टैंड हुए इस नुक्कड़ नाटक के द्वारा छात्रों ने लोगों को सौ फीसदी मतदान करने का संदेश दिया। छात्रों ने अपनी जोशीली आवाज में लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया और उन्हें आने वाले चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर नरेश कुमार ने कहा कि चुनाव का पर्व देश का गर्व है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में 25 मई को मतदान होगा और उस दिन सभी मतदाता अपने-अपने मतदान केंद्र पर वोट डालने अवश्य जाएं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा हेल्पलाइन नंबर 1950 टोल फ्री भी जारी किया गया है। जिस पर भी मतदाता सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है। इस अवसर पर इतिहास विभाग के प्रोफेसर संजीव कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## स्किट के जरिए छात्रों को किया मतदान के प्रति जागरूक

- जीएमएन कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम, प्राचार्य ने मतदान के महत्व पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। स्किट के जरिए मतदान के लिए लोगों को जागरुक करते छात्र।

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज चुनाव आयोग के विशेष कार्यक्रम सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता के अंतर्गत प्राचार्य डॉ रोहित दत्त की अध्यक्षता एवं अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता के दिशा निर्देश में एक लघु नाटिका का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के द्वारा चुनाव संग्रहालय का उद्घाटन भी किया गया। प्राचार्य ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतंत्र में अपने योगदान के महत्व के बारे में जागरूक करना है और उन्हें मतदान के महत्व से रूबरू कराना है ताकि वह सशक्त नागरिक बन सके। इसी उद्देश्य से हमने अपने कॉलेज परिसर में चुनाव संग्रहालय का निर्माण किया है । इस संग्रहालय के माध्यम से विद्यार्थियों को चुनाव प्रक्रिया को गहराई से समझने में सहायता मिलेगी ।यहां वे चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और पिछले चुनावों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ।इससे उनकी जागरूकता बढ़ेगी और वे सकारात्मक रूप से चुनाव के महत्व को समझेंगे। कॉलेज के सांस्कृतिक विभाग के प्रभारी डॉ राजेंद्र देशवाल ने जानकारी देते हुए बताया की विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कॉलेज में एक लघु नाटिका का आयोजन किया गया है ।यह स्किट न केवल विद्यार्थियों को मनोरंजन प्रदान करेगी बल्कि छात्रों को विभिन्न समस्याओं और चुनावी प्रक्रिया में सामाजिक रूप से सक्रिय होने के लिए प्रेरित भी करेगी। स्वीट कमेटी की संयोजिका डॉक्टर सीमा कंसल ने अपने संबोधन में कहा कि देश के संपूर्ण विकास के लिए मतदान बेहद आवश्यक है ।इसके जरिए ही हम एक मजबूत एवं सशक्त सरकार बना सकते हैं और एक आदर्श भारत का निर्माण कर सकते हैं । इस अवसर पर स्वीप कमेटी के अन्य सदस्य डॉ. राकेश कुमार ,डॉ. चंद्रपाल पूनिया, प्राध्यापिका सुजाता, डॉ. तृप्ति शर्मा ,डॉ. मीनू राठी , डॉ. अमिता, प्राध्यापिका सुषमा, प्राध्यापिका नेहा श्री लवप्रीत एवःबड़ी संख्या में विद्यार्थी गण मौजूद रहे।

## पहले दिन किसी प्रत्याशी ने दाखिल नहीं किया नामांकन पत्र

- प्रशासन की ओर से तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

18वें आम लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को किसी प्रत्याशी के द्वारा नामांकन दाखिल नहीं किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने बताया कि 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। एईओ, अकाउंटिग टीम, वीएस और वीवी टीमें पूरी तरह से कार्य कर रही हैं। एमसीएमसी द्वारा भी फेक और पेड न्यूज पर नजर रखी जा रही है। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 6 मई दोपहर 3 बजे तक हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल की जाएगी जबकि गुरूवार 9 मई को दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापिस ले सकेंगे। इसी दिन बाद दोपहर चुनाव में खड़े प्रत्याशियों की सूचि जारी कर दी जाएगी। उन्होंनें बताया कि 25 मई दिन शनिवार को प्रातः 7 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान होगा। 4 जून दिन मंगलवार को मतगणना उपरांत नतीजे घोषित किए जाएंगे। चुनाव खर्चो पर नजर रखने के लिए आईएएस चेत राम मीणा को ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है।

## परशुराम जन्मोत्सव समारोह को लेकर ब्राह्मण समाज में भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ़। निमंत्रण पत्र देते भगवान श्री परशुराम सेवादल के सदस्य।

भगवान श्री परशुराम सेवादल के प्रधान अश्वनी बावा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा भक्ति से भगवान परशुराम मंदिर में मनाया जाएगा। उन्होंने यह बात गांव बड़ी बस्सी के ब्राह्मण समाज को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के निमंत्रण पत्र देते हुए कही। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के ब्राह्मण समाज में जन्मोत्सव पर्व का उल्लास है। ब्राह्मणों को उनके घर घर जाकर निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया जा रहा है। बावा ने कहा कि हर वर्ष गांव स्तर पर भी जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जानें लगा है। यह सर्व ब्राह्मण समाज के लिए गौरव का विषय है। वह चाहते हैं कि गांव गांव घर घर जन्मोत्सव मनाया जाये इससे समाज में एकता का संचार होता है । उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 8 मई दिन बुधवार को बाद दोपहर भगवान परशुराम चौक से एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। 10 मई दिन शुक्रवार को जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

## वेंडरों ने यात्री से जमकर की मारपीट

- जीआरपी ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया केस
- बोगी का दरवाजा खोलने को लेकर हुआ विवाद, अब चल रही है आरोपियों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में वेंडर ने यात्री से जमकर मारपीट की। विवाद ट्रेन का दरवाजा न खोलने को लेकर हुआ। वेंडर का कहना था कि यात्री ने दरवाजा नहीं खोला, जिसकी वजह से वह खाना नहीं बेच पाए। जबकि यात्री का कहना है कि ट्रेन में भीड़ ज्यादा थी। यात्री का आरोप है कि ट्रेन में चढ़े 2 वेंडर ने पहले गाली-गलौज की, फिर ट्रेन से बाहर फेंकने की धमकी दी। विरोध किया तो उसके ऊपर हमला किया। पीड़ति यात्री ने सहारनपुर के जीआरपी थाने में शिकायत दी है। मामला अंबाला का होने के चलते अब शिकायत ट्रांसफर होकर अंबाला कैंट जीआरपी थाना में पहुंची। पुलिस ने दोनों वेंडरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यूपी के सहारनपुर के संदीप शर्मा ने बताया कि वह 3 मार्च को ट्रेन संख्या-12238 बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन में अंबाला से सहारनपुर आने के लिए रात 9 बजे सवार हुआ था। अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर भीड़ ज्यादा थी। वह ट्रेन को कोच नंबर-एस 9 की गैलरी में खड़ा था। शिकायतकर्ता ने बताया कि, इस बीच, खाने बेचने के लिए 2 वेंडर आए और कहने लगे कि तुमने दरवाजा नहीं खोला। तुम्हारी वजह से हमारा खाना नहीं बिका। आरोपी गाली-गलौज करने लगे।

## खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**अंबाला।** राजीव गांधी खेल स्टेडियम में विभागीय प्रशिक्षक की भारतोलन खेल नर्सरी चल रही हैं। इसमें प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें खिलाडियों ने राज्य पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। नर्सरी की खिलाड़ी हिमांशी ने 47 किलोग्राम में रजत पदक, रिधिमा ने 57 किलोग्राम में रजत पदक, कॉजल ने 43 किलोग्राम में कांस्य पदक, संजना ने 57 किलोग्राम में व अमनदीप कौर ने 52 किलोग्राम में कांस्य पदक जीता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में आयोजित हुई जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताएं

# राइटिंग में गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वुमैन की सानिया ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। प्रतियोगिताओं में बाजी मारने वाले छात्र।

अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की ओर से स्टूडेंट लीगल लिटरेसी मिशन के तहत जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल प्रो. संजय शर्मा तथा कार्यकारी प्रिंसिपल डॉ. देस राज बाजवा बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। कॉलेज कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के संचालक डॉ. रजनी सैनी ने बताया कि प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों को कानूनी रूप से साक्षर बनाना और एक पीढ़ी का निर्माण करना है जो भविष्य में अपने संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों से भलीभांति परिचित हो। इन प्रतियोगिताओं में जिले के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वुमैन अंबाला शहर से सानिया प्रथम, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज अंबाला कैंट से दिव्या द्वितीय और सोहन लाल डीएवी कॉलेज फॉर एजूकेशन अंबाला शहर से हरलीन कौर तृतीय स्थान पर रही। इसी तरह पीपीटी प्रदर्शन में गवर्नमेंट पीजी कॉलेज से कशिश प्रथम, धनंजय द्वितीय, सोहन लाल डीएवी कॉलेज फॉर एजूकेशन से निधि तृतीय रही। डॉक्यूमेंट्री फिल्म में गवर्नमेंट पीजी कॉलेज से अनुराग प्रथम, ध्रुव द्वितीय, सोहन लाल डीएवी कॉलेज फॉर एजूकेशन से नेहा तृतीय स्थान पर रही। इसी तरह वाद-विवाद स्पर्धा में एसडी कॉलेज से अलिश व हिताक्षी का ग्रुप प्रथम, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज से हर्ष और मोतिका का ग्रुप द्वितीय व अर्पित व कशिश का ग्रुप तृतीय रहा। भाषण में सोहन लाल डीएवी कॉलेज फॉर एजूकेशन से राखी प्रथम, एसडी कॉलेज से अलिश द्वितीय, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज से हर्ष तृतीय स्थान पर रहा। निबंध लेखन में सोहन लाल डीएवी कॉलेज फॉर एजूकेशन से अनु शर्मा प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वुमैन से कोमलप्रीत कौर द्वितीय तथा गुरजोत कौर तृतीय स्थान पर रही। पेंटिंग में एसए जैन कॉलेज से मिताली गुप्ता प्रथम, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज से मानसी शर्मा द्वितीय, सोहन लाल डीएवी कॉलेज फॉर एजूकेशन से शिफाली तृतीय स्थान पर रही।

### इन का रहा योगदान

इन प्रतियोगिताओ के आयोजन मे प्रो. गुरविंदर सिंह, प्रो. नायब सिंह, प्रो. शगुन आहूजा तथा कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के सदस्यों प्रो. उषा चहल, प्रो. अनुराधा, प्रो. प्रियंका, प्रो. सुजाता, प्रो. लकी वर्मा, प्रो. नेहा रानी, प्रो. तंजुम, प्रो. रीचा, प्रो. मनजीत, प्रो. संदीप, प्रो. रवि अग्रवाल, प्रो. इंद्रेश आदि का विशेष योगदान रहा।